समापन दिवस 15 जुलाई 2026 को प्रतिभागियों ने अपने व्यवसायिक विचारों को पूर्ण विजनेस प्लान के रूप मे विशेषज्ञों के समक्ष प्रस्तुत किया। मूल्यांकन के उपरान्त उत्कृष्ट व्यवसायिक अवधारणाओं का चयन आगामी उद्यमिता विकास कार्यक्रम (EDP) प्रशिक्षण हेतु किया गया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में ED11-DUY के प्रशिक्षण अधिकारी डा0 रजत शर्मा, श्री दिग्विजय सिंह एवं प्रोजेक्ट आफीसर श्री महेन्द्र सिंह रौतेला का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

अन्त मे आयोजन स्थल स्वामी विवेकानन्द स्नाकोत्तर महाविद्यालय की सम्मानीय प्राचार्य डा0 रेखा जोशी एवं नोडल अधिकारी डा0 के0सी0 जोशी ने सभी प्रतिभागियों को आभार एवं हृदय से अभिनन्दन किया और उन्हे आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सहयोगात्मक व्यवहार एवं आचरण सराहनीय रहा जिससे सभी महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी प्रसन्न एवं निश्चिंत रहे कि उनके विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नही हुई और सभी विद्यार्थी प्रसन्न रहे।

महाविद्यालय के सम्मानीय प्राचार्य प्रो0 आन्नद प्रकाश सिंह ने विद्यार्थियों की सहभागिता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं में उद्यमिता, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व क्षमता के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। महाविद्यालय से अनुष्का सोनकर, रूचिका रावत, प्रेमा आर्या, सुमित श्रीवास्तव, देव कुमार वाल्मीकि, रितेश बहादुर थापा ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालया में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा0 राजीव कुमार सक्सेना ने सभी विधार्थियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इन सभी के उज्ज्वल भविष्य की मै कामना करता हूँ कि ये सभी लोग अपने अपने शिखर पर पहुॅचकर देश में नाम रोशन करे साथ ही महाविद्यालय का नाम भी उच्च स्थान तक पहुचाएँ।

स्वामी विवेकानन्द स्नात्कोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट (चम्पावत) मे 03 दिवसीय आवासीय वूट कैम्प सम्पन्न

देवभूमि उद्यमिता योजना (DUY) के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द स्नाकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट (चम्पावत) मे 13 से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित 03 दिवसीय आवासीय वूट कैम्प सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय बनबसा के 06 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डा0 राजीव कुमार सक्सेना ने अपने विद्यालय के 6 विद्यार्थियों का सफल निर्देशन किया। इस वूट कैम्प का आयोजन स्थल लोहाघाट स्नाकोत्तर महाविद्यालय को बनाया गया जिसके नोडल अधिकारी डा0 के0सी0जोशी के नेतृत्व में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पाटी महाविद्यालया से डा0के0के0 मिश्रा के नेतृत्व में 24 विद्यार्थियों ने भाग लिया साथ ही गंगाई गंगोली महाविद्यालय से डा0 शीतल आर्या के नेतृत्व में 07 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बनबसा महाविद्यालय से DUY के नोडल अधिकारी डा0 राजीव कुमार सक्सेना सम्पूर्ण कार्यक्रम में उपस्थित रहे और अपने विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन एंव उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं मे उद्यमशीलता के कौशल का विकास करते हुए उन्हे व्यवसाय स्थापना एवं प्रवधन की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था।

वूट कैम्प के दौरान प्रतिभागियों को उद्यमशीलता मानसिकता, विचार सृजन, डिजाइन थिंकिंग, बाजार विश्लेषण, ग्राहक पहचान एवं सत्यापन, नवाचार–सत्यापन, सटीकता एवं अनुकूलता व्यवसाय मंण्डल विजनेस माडल कैनवास उद्यमिता से जुडी कानूनी, मूलभूत बाते, वित्त एवं लागत निर्धारण ब्रांडिग एवं पैकेजिग, सरकारी योजनाए एवं उद्यमिता बाजार में प्रवेश रणनीति, स्केलिंग रणनीति, विकास एवं विस्तार, प्रभावी पिचिंग से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही ऐपण, बेकरी तथा हर्वल टी, जूस, जैम एवं अचार निर्माण इकाइयों का भ्रमण कर उद्यम संचालन की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई।